Code No. 2/1/1
कोड नं.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ 4 हैं।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में 14 प्रश्न हैं।
- कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।

हिन्दी (केन्द्रिक)
HINDI (Core)

निर्धारित समय : 3 घण्टे *अधिकतम अंक : 100*

Time allowed : 3 hours *Maximum Marks : 100*

1. निम्नलिखित काव्यांशों में से किन्हीं ***दो*** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 7+7

(क) अजहुँ न निकसै प्राण कठोर ।
दरसन बिना बहुत दिन बीते, सुन्दर प्रीतम मोर ।।
चारि पहर चारौं जुग बीते, रैनि गँवाई भोर ।।
अवधि गई अजहूँ नहिं आए, कतहुँ रहे चित चोर ।।
कबहूँ नैन निरख नहिं देखे, मारग चितवत तोर ।।
दादू ऐसे आतुर बिरहणि, जैसे चंद चकोर ।।

(ख) क्या कहते हो ? किसी तरह भी
भूलूँ और भुलाने दूँ ?
गत जीवन को तरल मेघ-सा
स्मृति-नभ में मिट जाने दूँ ?
शान्ति और सुख से ये
जीवन के दिन शेष बिताने दूँ ?
कोई निश्चित मार्ग बनाकर
चलूँ तुम्हें भी जाने दूँ ?

(ग) रो दे तो पतझर आ जाए, हँस दे तो मधु ऋतु छा जाए,
झूमे तो नन्दन झूम उठे, थिरके तो ताण्डव शरमाए,
यों मदिरालय के प्याले-सी, मिट्टी की मोहक मस्ती क्या,
अधरों को छूकर सकुचाए, ठोकर लग जाए छहराए ।

2. नीचे लिखे काव्यांशों में से किन्हीं **दो** का काव्य-सौन्दर्य स्पष्ट कीजिए : 4+4

(क) ''तुम हो महान
तुम सदा हो महान,''
है नश्वर यह दीनभाव
कायरता कामपरता,
ब्रह्म हो तुम पदरज भर भी है नहीं,
पूरा यह विश्वभार —
जागो फिर एक बार ।

(ख) कीच, धूल, गंदगी बदन पर
लेकर ओ मेहनतकश !
गाता फिरे विश्व में भारत
तेरा ही नव-श्रम-यश !
तेरी एक मुस्कराहट पर
वीर पीढ़ियाँ फूलें ।
ये अनाज की पूलें
तेरे काँधे झूलें ।

(ग) ऐसे आओ
जैसे गिरि के शृंग शीश पर
रंग-रूप का क्रीट लगाए
बादल आए
हंस-माल-माला लहराए
और शिला-तन —
कान्ति निकेतन-तन बन जाए ।

3. नीचे लिखे प्रश्नों में से किन्हीं **दो** के उत्तर लगभग 60-60 शब्दों में दीजिए : 4+4

(क) ''काहे रे बन खोजन जाई'' पद में गुरु नानक ईश्वर की अंतर्मुखी खोज पर बल क्यों देना चाहते हैं ?

(ख) ''आज पहली बार'' कविता में हवा और कवि के जीवनानुभव एक होते हुए भी जीवन के प्रति दृष्टिकोणों में क्या भिन्नता है ? कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।

(ग) ''वीरांगना'' कविता में कवि ने नारी के किन-किन रूपों को प्रस्तुत किया है, और उनकी तुलना लोहे से क्यों की है ?

4. निम्नलिखित गद्यांशों में से किन्ही **दो** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 6+6

(क) प्राचीन भारत में चक्रवर्ती सम्राट कहलाने के लिए यहाँ के राजे अक्सर बड़ी-बड़ी लड़ाइयाँ लड़ा करते थे। मगर, इन लड़ाइयों के भीतर सिर्फ़ यही भाव नहीं था कि राजे अपना प्रभुत्व फैलाना चाहते थे। कुछ यह बात भी थी कि इस देश की भौगोलिक परिस्थिति ही सारे देश को एक देखना चाहती थी और भौगोलिक परिस्थिति की इस प्रेरणा से देश के सभी बड़े राजे इस बात के लिए उद्योग खड़ा कर देते थे कि सारा देश उनके अन्दर एक हो जाए ।

(ख) जीवन के समान उसकी मृत्यु भी दैन्य से रहित थी। 'कुत्ते की मौत मरना' कहावत है, परन्तु यदि नीलू के समान शान्त, निर्लिप्त भाव से कोई मृत्यु का सामना कर सके, तो ऐसी मृत्यु मनुष्य को भी काम्य होगी। मेरे पास अनेक जीव-जन्तु हैं, परन्तु जिसके बुरा माने जाने की मुझे चिन्ता हो, ऐसा अब कोई नहीं है।

(ग) हे कलाकार, तुम तो जानते हो, राजनीति में केवल दो ही वर्ण होते हैं : एक सफ़ेद, एक काला। सफ़ेद अपने काले पर पोतने के लिए, काला औरों के सफ़ेद पर पोतने के लिए। कला-नीति में ऐसा नहीं होता। वहाँ तो वर्ण नहीं, रंग होते हैं; विविध रंग। कला-नीति में तो काला भी उतना ही सुन्दर है जितना कोई और रंग। काला राजनीति में कौआ है तो कला-नीति में कोकिल।

5. नीचे लिखे प्रश्नों में से किन्हीं **दो** के उत्तर लगभग 60-60 शब्दों में दीजिए। 4+4

(क) 'एक था पेड़ और एक था ठूँठ' पाठ के आधार पर लिखिए कि लेखक ने दृढ़ और अड़ियल में क्या अंतर किया है ?

(ख) 'तत्सत्' शब्द का आशय स्पष्ट करते हुए कहानी के शीर्षक की सार्थकता पर प्रकाश डालिए।

(ग) शताब्दियों से भारतीय संस्कृति की प्रवहमान धारा की क्या विशेषताएँ थीं जिन्हे हमने धीरे-धीरे सूख जाने दिया है ? 'मेरे लिए भारतीय होने का अर्थ' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

6. भगवतीशरण सिंह **अथवा** जैनेन्द्र कुमार के जीवन, रचनाओं और भाषा-शैली का संक्षिप्त परिचय दीजिए। 6

7. 'विविधा भाग-2' के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** के उत्तर लगभग 40-40 शब्दों में दीजिए : 3+3+3

(क) 'माँ जानती है' कहानी के आधार पर स्पष्ट कीजिए कि 'अरुमुगम' की मृत्यु पर उसकी माँ को यह क्यों नहीं समझ आ पा रहा था कि वह रोए या प्रसन्न हो।

(ख) पंडित विष्णु दिगम्बर पलुस्कर के व्यक्तित्व की किन्हीं तीन विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

(ग) 'प्रेरक प्रसंग' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए कि फ़ौजी के प्रति टण्डन जी का व्यवहार पाठकों को क्या प्रेरणा देता है।

(घ) 'सत्यकिरण' एकांकी के खगेश की दृष्टि में प्रसिद्ध साहित्यकार बनने के लिए क्या गुण आवश्यक हैं ?

8. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 30-30 शब्दों में दीजिए : 2+2

(क) "आप जो पुराना इतिहास सुनाते हैं काका, तो क्या युद्ध रेशम की डोरियों और कपास की पौनियों से हुआ करते थे ?" रानी लक्ष्मीबाई उपन्यास में यह वाक्य किसने, किसको, किन परिस्थितियों में कहा है ?

(ख) ''झाँसी को असली राजा तो अब मिला'' — जूही के इस कथन के अभिप्राय को स्पष्ट कीजए।

9. लक्ष्मीबाई **अथवा** नाना साहब की चारित्रिक विशेषताओं का उल्लेख कीजिए। 4

10. (क) किन्हीं **दो** में सन्धि-विच्छेद कीजिए : 1

औषधालय, बहिष्कार, व्रजेश ।

(ख) किन्हीं **दो** में सन्धि कीजिए : 1

मद + उन्मत्त, तत् + मय, प्रति + आगमन ।

(ग) किन्हीं **दो** पदों का समास-विग्रह कर समास का नाम भी बताइए : 2

हवनसामग्री, यथासमय, मुख्यमंत्री ।

11. (क) नीचे लिखे वाक्यों में से किन्हीं **दो** के शुद्ध रूप लिखिए : 2

(i) कृपया मेरी सहायता करने की कृपा करें।

(ii) तुम तुम्हारे गाँव लौट जाओ।

(iii) अपनी बात सविस्तारपूर्वक सुनाइए।

(ख) नीचे लिखे वाक्य में यथास्थान सही विराम-चिह्न लगाइए : 2

पर्यटक ने पूछा क्या इस वन में हाथी बाघ आदि जंगली जानवर रहते हैं

12. प्रस्तुत अनुच्छेद को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

प्रत्येक क्रियाशीलता आचरण नहीं कहलाती। उठना, बैठना, भोजन करना आदि क्रियाएँ आचरण नहीं है। वास्तव में वह क्रियाशीलता आचरण कहलाती है जिसका सम्बन्ध दूसरे व्यक्ति से होता है। यदि किसी क्रिया से दूसरा व्यक्ति अनुकूल या प्रतिकूल रूप से प्रभावित होता है तो वह क्रिया आचरण बन जाएगी। जैसे किसी व्यक्ति की दुखद अवस्था पर यदि कोई हँसता है तो वह हँसना आचरण बन जाएगा। वैसे सामान्य रूप से हँसना केवल एक क्रिया है। यदि समस्त क्रियाओं को आचरण माना जाए तो पशु और प्रकृति के कार्यों को भी आचरण का विषय मानना होगा और इस प्रकार एक अव्यवस्था हो जाएगी। इसलिए आचरण का सम्बन्ध मूलतः मनुष्य से ही है; क्योंकि वह आत्मचेतन होकर कार्य करता है।

(क) उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक दीजिए। 1

(ख) आचरण किस क्रिया को कहते हैं ? 1

(ग) समस्त क्रियाओं को आचरण क्यों नहीं कहा जा सकता ? 1

(घ) आचरण का सम्बन्ध मनुष्य से ही क्यों है ? 1

13. समाचार-पत्रों, पत्रिकाओं और दूरदर्शन में प्रदर्शित अश्लील विज्ञापनों की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए किसी प्रतिष्ठित दैनिक समाचार-पत्र के संपादक को पत्र लिखिए। 5

अथवा

आपके क्षेत्र में भीषण बाढ़ के कारण मची तबाही और राहत कार्यों की अपर्याप्तता की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए अपने राज्य के मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर तुरंत क़दम उठाने का अनुरोध कीजिए।

14. निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** विषय पर लगभग 300 शब्दों में निबन्ध लिखिए : 10

(क) राजनीति और अपराध-जगत्

(ख) ग्रामीण जीवन

(ग) कामकाजी नारी और उसकी समस्याएँ

(घ) जब आवै संतोष-धन, सब धन धूरि समान

(ङ) सबसे न्यारा देश हमारा